Email: etawahexpress24@gmail.com Web: www.etawahexpress.com

# इटावा एक्सप्रेस

आर.एन.आई शीर्षक कोड UPHIN50151, इटावा,उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्षः 2 अंक 07 इटावा, शनिवार, 25 फरवरी 2023, हिन्दी साप्ताहिक मूल्य 2/-₹ पृष्ठ 8

## मार्च महीने 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

पहले ही निपटा लें अपने सभी काम

मार्च महीने देश में होली का त्यौहार मनाया जाएगा। ऐसे में केवल होली के मौके पर ही बैंक बंद नहीं रहने वाले हैं, रामनवमी, गुडी पाड़वा के अवसर पर भी बैंक हॉलिडे रहेगा। मार्च में कुल 12 दिन देश के अलग-अलग राज्यों में बैंकों की छुट्टी रहेगी।ऐसे में अगर आप भी अपने किसी बैंकिंग काम को अगले महीने निपटाने का विचार कर रहे हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए और भी जरूरी हो जाता है। इस आर्टिकल में मार्च की बैंक हॉलिडे की जानकारी देने जा रहे हैं।

इस दिन नहीं खुलेंगे बैंक

3 मार्च 2023- चापचर कूट के अवसर पर आइजोल में बैंक बंद रहेंगे।

5 मार्च 2023- रविवार की छुट्टी

7 मार्च 2023- धुलेटी/ डोल जात्रा/ होली के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे।

8 मार्च 2023-होली के दिन बैंक बंद रहेंगे।

9 मार्च 2023- केवल पटना में होली के मौके पर बैंक हॉलिडे रहेगा।

11 मार्च 2023- दूसरे शनिवार की छुट्टी

12 मार्च 2023- रविवार की छुट्टी

19 मार्च 2023- रविवार की छुट्टी

22 मार्च 2023- गुडी पाड़वा/ उगाडी/ बिहार दिवस/ साजीबु नोंगमापानबा/ प्रथम नवरात्र/ तेलुगु नववर्ष दिवस के अवसर पर बेलापुर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, जम्मू, मुंबई नागपुर, पणजी, पटना, और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे।

25 मार्च 2023- चौथे शनिवार की छुट्टी

26 मार्च 2023- रविवार की छुट्टी

30 मार्च 2023- राम नवमी के मौके पर बैंक बंद रहेंगे।

## चौकी इंचार्ज ने अपनी सूझबूझ व साथी सिपाही की मदद से बचाई ट्रक चालक की जान

इटावा एक्सप्रेस

इकदिल थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर डम्फर से टकराया ट्रक.ट्रक की स्टीयरिंग में फंसा ट्रक चालक,खतरे में आई चालक की जान.घटना की सूचना मिलते ही मय फोर्स तत्काल मौके पर पहुँचे मानिकपुर चौकी इंचार्ज नागेंद्र सिंह.चौकी इंचार्ज ने अपनी सूझबूझ व साथी सिपाही प्रवेंद्र व विवेक की मदद से बचाई ट्रक चालक की जान पुलिस कर्मियों ने सावधानी बरतते हुए ट्रक में फंसे चालक को सुरक्षित निकाला बाहर आनन-फानन में 108 एम्बुलेंस से घायल ट्रक चालक को उपचार हेतु भेजा जिला अस्पताल दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को क्रेन द्वारा मार्ग से हटवाकर व्यवस्थित करवाया मार्ग टाटा मोटर्स के समीप की घटना, UP75M7527 ट्रक में घटना के बाद फंसा था चालक

## इटावा विधवा महिला की हत्या कर घर में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले चार बदमाश गिरफ्तार




इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

गिरफ्तार बदमाशों के पास से लूटे हुए सोने चांदी के जेवरात बीस हजार पांच सौ पचास की नगदी और हत्या की वारदात में इस्तेमाल हुई कुल्हाड़ी बरामद, थाना जसवंतनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कचौरा रोड पर रेलवे पुल के नीचे से की गिरफ्तारी, गिरफ्तार बदमाश इटावा के सैफई ,जनपद मैनपुरी के करहल और राजस्थान के भीलवाड़ा के निवासी, गिरफ्तार बदमाशो ने बीते 17 फरवरी की रात को थाना जसवंतनगर क्षेत्र के पाठकपुरा गांव में विधवा महिला की हत्या करने के बाद लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था।

## भारतीय संविधान सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य चौधरी के नेतृत्व में इटावा में दिया गया ज्ञापन





कानपुर देहाती ग्राम बरौली थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात के अंतर्गत सरकारी जमीन से कब्जा हटाने के नाम पर मां बेटी को जिंदा जलाकर छप्पर के लिए बिल्डोजर इस्तेमाल किया गया और चीखते बिलखते परिवारी जनों की आवाज को सत्ता पक्ष ने जिस तरह से कुचला है यह सरकार की दमनकारी नीति का प्रतीक है संगठन इसकी कड़ी निंदा करता है राष्ट्रपति महोदय को संबोधित जिलाधिकारी इटावा को दिया गया ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य चौधरी जिलाध्यक्ष इटावा संदीप कुमार गौतम कुमार जिला प्रचारक इटावा सुशील कुमार श्याम सिंह विजय सिंह आदि मौजूद रहे

## ठगी पीड़ितों ने पैसा भुगतान के संबंध में सौंपा ज्ञापन






इटावा ठगी परिवार के करने वाली कंपनियों से
राष्ट्रीय संयोजक मदनलाल पैसा वापस कराया जाए व
आजाद ने हजारोंनिवेशकों जिले में एक काउंटर
और अभिकर्ताओं के साथ खोलकर भुगतान किया
पक्का तालाब पर धरना जाए मदनलाल आजाद
प्रदर्शन किया और बड्स राष्ट्रीय संस्थापक का
एक्ट19 लागू करने की कहना है की बड्स एक्ट
जिलाधिकारी से मांग की 2019के तहत भुगतान
धरना पक्का तालाब से हमारा अधिकार है पहले
होकर कचहरी परिसर तक भुगतान फिर मतदान
हजारों की संख्या में लोगों किया जाएगा इस मौके पर
ने एकत्रित होकर और सैकड़ों कंपनियों के हजारों
जिलाधिकारी कार्यालय में निवेशक और कार्यकर्ता
उप जिलाधिकारी नम्रता धरना प्रदर्शन में शामिल
सिंह को अपना ज्ञापन हुए संगठन के संयोजक
सौंपा और जिलाधिकारी मदनलाल आजाद जनपद
अवनीश राय से भुगतान इटावा की कार्यकारिणी
कराने की बात रखी जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह,
जिससे हजारों निवेशकों संयोजक श्रीकृष्ण यादव
का पैसा उन्हें वापस मिल राजीव यादव मीडिया
सके ठगी पीड़ितो ने प्रभारी कोषाध्यक्ष प्रदीप
कंपनीज एव सोसाइटी कुमार लोकेंद्र यादव शांति
जैसे पी ए सी एल, सहारा स्वरूप राव मेहताब सिंह
इंडिया, साई प्रसाद ,के. राजपूत विनय कुमार ओम
वी. सी .एल , जी. सी.ए, प्रकाश रवि गौतम भारी
सौगात इंफ्रा, यूनी मैक्स, संख्या में महिलाओं के
सहज, साईंराम, रियल साथ हजारों की संख्या में
स्टेट इत्यादि कंपनियों में कार्यकर्ता और निवेशक
जनता का पैसा जमा धरना प्रदर्शन में शामिल
कराकर कम्पनी पैसा हुए
लेकर भाग गई ऐसी ठगी

# सैफई के सुघर सिंह पत्रकार को फर्जी फँसाने बाला दरोगा निकला लुटेरा, भेजा गया जेल

## पंडोखर सरकार ने दिलाया न्याय और अपराधियों को सजा _ सुघर सिंह पत्रकार







कारोबारी से पाँच लाख तीस हजार रुपये की दरोगा ने की थी लूट, दो अन्य दरोगा सिपाही भी शामिल सुघर सिंह को फँसाने बाला एक अन्य आरोपी दरोगा नागेंद्र यादव पहले ही किया जा चुका है बर्खास्त, कानपुर नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र की घटना, लूट का हुआ खुलाशा, रक़म बरामद

डी आई जी अनंत देव निलंबित, नागेंद्र यादव बर्खास्त, यतीशकुमार जेल में व सस्पेंड, तीनो को मिल चुकी सजा, अब बारी मनोज रघुवंशी सीओ व प्रदीप कांस्टेबल की । कानपुर पुलिस को एक बार फिर दो दरोग़ा और एक सिपाही ने शर्मशार किया हैं। कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों ने बुधवार रात हार्डवेयर कारोबारी को डरा धमकाकर 5.30 लाख रुपये लूट लिए। मामले में दोषी पाए गए स्वॉट टीम में तैनात दरोगा यतीश कुमार, हेड कांस्टेबल अब्दुल राफे और सचेंडी थाने में तैनात दरोगा रोहित सिंह पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। यह वही दरोगा यतीश कुमार हैं जिसने सैफई के सुघर सिंह पत्रकार को फर्जी तरीके से गिरफ़्तार किया था। सुघर सिंह पत्रकार की शिकायत पर एक दरोगा नागेंद्र यादव को जाँच में दोषी पाये जाने पर पूर्व में ही बर्खास्त किया जा चुका है। 18 मार्च 2020 को उत्तर प्रदेश ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के आगरा मंडल प्रभारी सुघर सिंह पत्रकार अपनी कार से पुलिस महानिदेशक लखनऊ से मिलकर लौट रहे थे। इसी दौरान तत्कालीन थाना प्रभारी नज़ीराबाद मनोज रघुवंशी ने मिलने के बहाने सुघर सिंह को कानपुर बुलाया और फर्जी तरीक़े से गिरफ़्तार कर कर दो मुक़दमे में साज़िश करके फँसा दिया। इसमें दरोग़ा नागेंद्र यादव व यतीश कुमार भी शामिल था। यतीश गिरफ़्तार करने वालों की टीम में व दरोग़ा नागेंद्र यादव साज़िश करने में शामिल था। सुघर सिंह पत्रकार की कई लोगों से मुक़दमे बाजी चल रही है उन्ही मुक़दमें के अभियुक्तों ने आईजी मोहित अग्रवाल एसएसपी अनंत देव व सीओ गीतांजलि व थाना नज़ीराबाद के प्रभारी निरीक्षक मनोज रघुवंशी के साथ मिलकर साज़िश रची और बुलाकर फँसा दिया। सुघर सिंह पत्रकार के पास लायसेंसी रिवाल्वर होते हुए 315 बोर के दो कारतूस लगाकर फर्जी साज़िश की गई। दरोगा द्वारा कारोबारी से पाँच लाख तीस हज़ार की लूट करने व मारपीट के मामले में मुक़दमा दर्ज करने व दरोग़ा के निलंबन की कार्यवाही से सुघर सिंह पत्रकार व उनके परिवार ख़ुशी का माहौल है। सुघर सिंह ने बताया कि 18 मार्च को कानपुर में पुलिस की साज़िश ने उन्हें पूरी तरह तोड़ दिया था न्याय के लिए लगातार तीन साल से भटक रहा हूँ लेकिन नीचे बालों ने न्याय नहीं दिया और ऊपर बाले ने न्याय दिया और दो आरोपी दरोग़ा को सजा मिल चुकी है। अब सीओ मनोज रघुवंशी, उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह व प्रदीप सिपाही बचे है भगवान इन्हें भी जल्द सजा देगा। पंडोखर सरकार ने दिलाया न्याय और अपराधियों को सजा इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफ़ेयर एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह पत्रकार ने बताया कि दो फर्जी मुक़दमे लगाने व मुक़दमे लगाने वालों को सजा का एलान पंडोखर दरबार में पूज्यजीय गुरुदेव द्वारा दो साल पहले ही घर दिया था। उन्होंने मिलने के दौरान साफ़ कह दिया था कि आप पर दो फर्जी मुक़दमे लगाये गये है जिन्होंने मुक़दमे लगाए है उन पर कार्यवाही होगी उनको सजा ज़रूर मिलेंगी। डीआईजी अनंत देव तिवारी भी निलंबित हो चुके है। सुघर सिंह ने कहा कि वह लगातार पंडोखर दरबार में जा रहे है और पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर पं० गुरुशरण शर्मा त्रिकालदर्शी की शरण में है पंडोखर की कृपा से तीन विरोधियों को सजा मिल चुकी है।

### बलम मेरे ऊंचे सारे शौक गाना हुआ रिलीज इटावा में हुई थी गाने की शूटिंग

इटावा एक्सप्रेस भरथना संवाददाता अतुल कुमार






छोटे से गांव से निकलकर एक नई ऊंचाइयों को छू कर इस होनहार न्यू स्टार कलाकार ने भरथना का नाम रोशन किया है आपको बताते चलें भरथना कस्बा के मोहल्ला महावीर नगर में स्थित गुरुकुल एकेडमी के प्रांगण में आर चंद्रा म्यूजिक एंड एंटरटेनमेंट कंपनी के तत्वधान में एक गाने के एल्बम,बलम मेरे ऊंचे सारे शौख को रिलीज किया गया। कंपनी मालिक गौरव कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में पहुंचे इटावा एक्सप्रेस भरथना संवाददाता पत्रकार अतुल कुमार को डायरी देकर सम्मानित किया

## भरथना उप जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ





इटावा एक्सप्रेस इशरत अब्बासी भरथना

इटावा:भरथना विधूना रोड जयोत्री एकेडमी सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में एक दिवसीय एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कुमार सत्यमजीत एवं विद्यालय के संस्थापक व नगरपालिका पूर्व चैयरमैन मनोज पोरवाल ने मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक नितिन पोरवाल एवं प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा ने उपजिलाधिकारी को माल्यापर्ण करते हुए अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इसी दौरान एडवेंचर कैंप का शुभारंभ करते हुय उपजिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक युग में पढने के साथ-साथ कुछ अलग से मनोरंजन युक्त क्रियाकलाप सभी विद्यार्थी के लिये आवश्यक है। जिससे विद्यार्थियों के अन्दर मानसिक, शारीरिक क्षमता का विकास होता है तथा मोटर स्किल के साथ-साथ तार्किक क्षमता का भी विकास होता है। वहीं विद्यालय में एकदिवसीय एडवेंचर गेम में 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जो कि दिल्ली से आई एक विशेष टीम के मुख्य प्रशिक्षक निखिल के दिशा निर्देशन में क्रियान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापो जैसे -कमांडो, वर्माब्रिज, स्पोर्टबाल, जिपलिन, ड्रेगनमूव, टूबिगटेंटस, मेजिकल मेज, जाबिंग, बाडीजाब्रर आदि सम्पन्न कराया गया। विद्यालय के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने निर्देशानुसार एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये कैम्प का भरपूर लाभ उठाया। विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को एडवेंचर कैम्प से होने वाले लाभों के बारे में छात्रों को बताया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विद्यालय के सभी शिक्षक, एचओडी शीला मिश्रा,पीटीआई अमित तिवारी, भोला सिंह, अनुराग सिंह, रामबरन सिंह, अदनान बख्शी, शोभित अग्रवाल, प्रदीप भदौरिया आदि ने विशेष सहयोग दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन ऋगवेंद्र कश्यप ने किया।

### आगामी त्यौहार के मद्देनजर मिलावट खोर दुकानदारों की बल्ले बल्ले

इटावा एक्सप्रेस भरथना अतुल कुमार विभागीय अधिकारियों से बेखौफ होकर मिलावट खोर दुकानदारों द्वारा बाजार में घरेलू उपयोगी सामानों की बिक्री कर व्यापार में आमदनी चौगुनी करने में लगे जहां खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों का दुकानदारों द्वारा किए जा रहे मिलावट खोरी के कारोबार की ओर नहीं है ध्यान दुकानदारों द्वारा घरेलू सामान में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री को पैकेट की समय अवधि पूर्ण होने के बाद भी करते हैं बिक्री वहीं दुकानदारों द्वारा त्यौहार नजदीक होने के चलते अधिक से अधिक दुकान के सामानों की बिक्री के लालच में घी, सरसों का तेल, दाल, केमिकल युक्त चिप्स पापाड़ सहित अन्य उपयोगी सामानों में मिलावट खोरी करने से नहीं आ रहे बाज,आखिर खाद्य एंव औषधि विभाग के अधिकारियों द्वारा कब होगी ऐसे दुकानदारों पर कार्यवाही या ऐसी ही दुकानदार आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ करते रहेगे खिलबाड़

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक इटावा एक्सप्रेस इटावा,उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
Web: www.etawahexpress.com अंक 07 वर्ष :2 इटावा, शनिवार, 25 फरवरी 2023 

## सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने संधिग्ध सफेद बुलेट को किया सीज

इटावा एक्सप्रेस संपादक राजीव कुमार



इटावा - एसएसपी के निर्देशन में सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने उप निरीक्षक सौरभ सिंह फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस के साथ रामनगर फाटक से भरथना चौराहा तक पैदल मार्च किया, वही संदिग्ध वाहनों को रोकने पर गाड़ी के कागज न होने पर चालान भी काटे, एक संधिग्ध यू के नंबर की सफेद बुलेट को सीज किया गया l

## इकदिल पुलिस और सी ओ सिटी अमित कुमार सिंह ने आरोपी युवक को 24 घंटो में गिरफ्तार कर भेजा जेल

### नाबालिक लड़की के दुष्कर्म के मामले में सिओ सिटी ने युवक को भेजा जेल

इटावा एक्सप्रेस

इटावा -थाना इकदिल क्षेत्र के ग्राम नगलाबेनी में 15 वर्षीय नाबालिक लड़की का पड़ोस के लड़के द्वारा घर में घुस कर दुष्कर्म के मामले में थाना इकदिल पुलिस और सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने एस एस पी के नेतृत्व में आरोपी युवक को महज 24 घंटो में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एसएसपी संजय कुमार वर्मा के आने के बाद जनपद में कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दास्त नहीं की जा रही, जिसके चलते एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने चार्ज लेने के एक महीने में ही कई बड़े खुलासे कर कानून व्यवस्था को जनपद में मजबूत कर आम आदमी को भी सुरक्षा का भरोसा दिलाया है

## थानाध्यक्ष गंगादास गौतम की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



इटावा एक्सप्रेस

थाना ऊसराहार में किशोर न्याय बालकों की देखरेख व संरक्षण अधिनियम 2015 व आदर्श नियमावली 2016 के अंतर्गत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुलिसकर्मियों को जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से उक्त अधिनियम के अंतर्गत देखरेख व संरक्षण वाले बच्चों एवं विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम में बाल पीड़ितों की दो श्रेणियां शामिल हैं पहली वो जो कानून के साथ संघर्ष में हैं जबकि दूसरी उन बच्चों से संबंधित है जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है। इसका उद्देश्य उचित सुरक्षा और देखभाल के साथ बाल-सुलभ दृष्टिकोण के माध्यम से उनका सामाजिक पुन: एकीकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने पुलिस बाल कल्याण अधिकारी के दायित्व भी बताए। यह भी बताया कि किसी बालक के साथ पुलिसकर्मियों को किस प्रकार का व्यवहार करना है। उनके साथ आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा खान भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने की प्रशिक्षण में भाग लेने वाले पुलिसकर्मियों में एसआई मंजीत प्रसाद, संजय कुमार, निसार अहमद, बलवान सिंह, कांस्टेबल सुधीर कुमार, हरभजन,धर्मेंद्र,अमित, महिला कांस्टेबल अनीसा, शिवानी, कंचन, आरती आदि शामिल रहे।

## परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे जिलाधिकारी सीसीटीवी कैमरों को किया चैक

### इटावा जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय





जनपद इटावा में संचालित हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं की द्वितीय पाली में इटावा तहसील क्षेत्र के परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे इटावा के तेजतर्रार जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय व उप जिलाधिकारी सदर ने सुरक्षा व्यवस्था व शांति व्यवस्था का लिया जायजा, जनपद इटावा जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय और उप जिलाधिकारी सदर ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर शांति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही व्यवस्थाओं को भी परखा द्वितीय पाली की चल रही परीक्षा में सदर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे जिला अधिकारी इटावा ने सीसी टीवी कैमरों को भी चेक किया इटावा प्रशासन द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए लगातार किए जा रहे हैं निरीक्षण

## भरथना नगर पालिका द्वारा खींची गई लक्ष्मण रेखा को नाग रहे अतिक्रमणकारी

इटावा एक्सप्रेस भरथना संवाददाता अतुल कुमार



फुटपाथ पर ठेला वालों का कब्जा जारी भरथना नगर पालिका ने अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अथक प्रयास किए, लेकिन अभी भी अतिक्रमणकारियों का कब्जा है जारी नगरपालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान हुआ असफल नगर पालिका ने फुटपाथ पर बनाई रेड लाइन रेखा, लेकिन अतिक्रमणकारियों के लिए यह लाइन है सिर्फ है दिखावा भरथना में अतिक्रमण हटाओ को लेकर कई बार गरज चुका है बाहुबली का पंजा भरथना में आज भी है अतिक्रमण जारी अतिक्रमण से हर रोज यातायात होता है बाधित, लगता है भीषण जाम भरथना को नहीं मिल रही जाम से निजात

## भरथना लायंस क्लब राधे-राधे के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




इटावा एक्सप्रेस इशरत अब्बासी भरथना

शिविर में करीब एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने अपने दाँत व आंखों की जांच करा दवा प्राप्त की। कस्वा के मोहल्ला सरोजनी रोड़ स्थित पैरामाउंट स्कूल में लायंस क्लब राधे राधे तत्वावधान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अमित दीक्षित की टीम में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ० प्रभात श्रीवास्तव, दंत चिकित्सक डॉक्टर राज फिजिशियन डॉ नीरज पाल, स्टाफ नर्स राहुल कुमार,वार्ड बॉय उरूज के द्वारा करीब एक सैकड़ा से अधिक स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षकों के दांत व आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श देते हुए दवा वितरण की गई। वहीं डॉक्टर अमित दीक्षित ने कहा कि वर्तमान जीवन शैली की वजह से हर उम्र के लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं में आवश्यक खनिज,प्रोटीन, विटामिन्स आदि पोषक तत्वों की मात्रा में कमी पायी जा रही है। उक्त कारण से इनमें रोग प्रतिरोधी क्षमता कम होने की वजह से बीमारी के शिकार हो जाते हैं। छोटे बच्चों की उचित देखभाल आवश्यक है।

## अभिभावकों और प्रधानाचार्यों में बढ़ी बेचैनी

### अब कक्षा एक में छह साल के बच्चे का होगा एडमिशन

इटावा एक्सप्रेस

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कक्षा एक में प्रवेश की उम्र छह साल तय होने के बाद अभिभावकों और प्रधानाचार्यों में भी बेचैनी बढ़ गई है। एक तरफ उनका मानना है कि छह साल की उम्र में कक्षा एक में प्रवेश देना अच्छी बात है, लेकिन दूसरी तरफ परेशान इस बात से हैं कि अगर बच्चे की उम्र छह साल पूरा होने में दो-तीन महीने बाकी हैं, तो उन बच्चों को प्रवेश मिल पाएगा या नहीं, जबकि वह नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी में पढ़ रहे हैं। ज्यादातर बच्चों की उम्र छह साल पूरी नहीं हो रही है। ऐसे में इन बच्चों को घर बैठना पड़ेगा या कोई ब्रिज कोर्स चलाया जाएगा। इस उधेड़बुन में शिक्षक और स्कूल प्रबंधन है। कक्षा एक में छह साल की उम्र में बच्चे को परिषदीय विद्यालय में प्रवेश दिए जाते हैं। पांच साल होने दो-चार महीने बाकी हैं, तो प्रवेश को लेकर क्या रणनीति होगी। इसके बारे में अभी शासनादेश नहीं आया है

## नकल विहीन परीक्षा कराई संपन्न

### कमलेश चौधरी सेक्टर मजिस्ट्रेट



इटावा एक्सप्रेस अवनीश गौतम

बकेवर -श्री सोबरन सिंह इंटर कालेज चंद्रपुरा साला में इंटरमीडिएट की परीक्षा 2 बजे से शाय 5:15 बजे तक चली 398 छात्रों का पेपर था परीक्षार्थियों की उपस्थिति संख्या 340 रही प्रधानाचार्य मैडम रीमा ने बताया विद्यालय का प्रत्येक रूम कैमरे की नजर में है विद्यालय सेंटर पर प्रदीप कुमार त्रिपाठी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया सेक्टर मजिस्ट्रेट कमलेश चौधरी द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जा रही है प्रधानाचार्य मैडम रीमा ने विद्यालय की गरिमा बढ़ाए रहने के लिए विद्यालय को नकल विहीन परीक्षा सेंटर चलाया जा रहा है

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमा देवी पब्लिक जूनियर हाई स्कूल
NH19 प्रीत विहार निकट मानिकपुर मोड

# इकलौते पुत्र के गायब होने से मचा हड़कंप

इटावा एक्सप्रेस



फिरोजाबाद के कस्बा मख्खनपुर में परिवार के इकलौते पुत्र के गायब होने से मचा हड़कंप फिरोजाबाद के कस्बा मख्खनपुर के अतुल गुप्ता का पुत्र रिषित गुप्ता उम्र लगभग 19 वर्ष दिनांक 13/2/2023 को सुबह लगभग 11 बजे एस आर के डिग्री कॉलेज फिरोजाबाद पढ़ने के लिए घर से गया था जो कि लौट कर घर वापिस नही आया अतुल कुमार गुप्ता नें अपने रिश्तेदारों के यहां तथा आसपास के क्षेत्र में काफी खोजबीन की परंतु उसका कोई पता नहीं चला है जिसके कारण अतुल कुमार गुप्ता व उसके परिवार को अपने पुत्र इकलौते पुत्र रिशित के साथ किसी अप्रिय घटना के घटित होने की आशंका है जिसके कारण अतुल कुमार गुप्ता व उसका परिवार परेशान व भयभीत है, अतुल कुमार गुप्ता नें अपने इकलौते पुत्र की गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करानें के लिये दिनांक 14/02/2023 को थाना मख्खनपुर में तहरीर दी थी परन्तु अब तक रिषित गुप्ता का कोई जानकारी परिवार वालों को नहीं मिली है

प्रवेश प्रारम्भ

**प्रेमादेवी पब्लिक स्कूल योगा संस्थान**

NH19 प्रीत विहार निकट मानिक पुर मोड इटावा

NCT नई दिल्ली एण्ड मानव संसाधन एण्ड योगा सर्टिफिकेट बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था के द्वारा कोर्स

डिप्लोमा इन योगा टीचर 2 वर्षीय कोर्स
पीजी डिप्लोमा योगा टीचर 1 वर्षीय कोर्स
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग 2 वर्षीय कोर्स
आर्ट ऑफ महाराष्ट्र महाराष्ट्र
फैशन डिजाइनिंग
एन जी ओ मैनिजमैन्ट

# पुलिस प्रशासन टीम व पत्रकार टीम के मध्य खेला गया 20-20 क्रिकेट मैच

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को मिली बैस्ट बल्लेबाज की ट्राफी





दिनांक 19-2-2023 को पालीवाल डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद स्थित एकलव्य स्टेडियम में पुलिस प्रशासन की टीम व पत्रकार बन्धुओं की टीम के मध्य 20-20 क्रिकेट मैच खेला गया पुलिस प्रशासनिक टीम में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद उप जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीएफओ फिरोजाबाद, एसडीएम टूण्डला, क्षेत्राधिकारी नगर, तहसीलदार टूण्डला एवं अन्य पुलिस प्रशासनिक कर्मचारीगण मौजूद रहे। दोनों टीमों के मध्य हुए मैच में पुलिस प्रशासनिक टीम ने शानदार जीत दर्ज की । पत्रकार बन्धुओं की टीम द्वारा 117 रन बनाए गए जिसमें पुलिस प्रशासनिक टीम द्वारा 11 वें ओवर में 118 रन बनाकर बडी जीत दर्ज की । बैस्ट बल्लेबाज की ट्राफी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को मिली, बैस्ट बॉलर का खिताब अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं मैन ऑफ द मैच का खिताब एसडीएम टूण्डला को मिला

# फिरोजाबाद पुलिस ने जलपान के लिए लगाया शिविर

## उप जिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय ने किया शिविर का उद्घाटन



इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

शिकोहाबाद पुलिस ने थाने के बाहर कॉवड़ियों की सेवा के लिए जलपान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन एसडीएम शिवध्यान पांडेय ने किया। सीओ देवेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र कुमार मिश्रा ने कॉवड़ियों को जलपान कराया। इस अवसर पर फिरोजाबाद पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कॉवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से रोड़ पर चलने वाले शिव भक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर उनके मंगलमयी यात्रा की शुभकामनाएं दी गयी ।पुलिस की पहल से कबड़िये काफी खुश नजर आ रहे थे। फिरोजाबाद पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर।

# थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर अपराधी अजरूद्दीन गिरफ्तार कब्जे से अवैध असलहा बरामद ।

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद संवाददाता गौरव तेंनगुरिया




जनपद के विभिन्न थानों में अभियुक्त अजरूद्दीन पर आधा दर्जन से अधिक अभियोग हैं पंजीकृत ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग गश्त में दिनांक 18-2-2023 अभियुक्त अजरूद्दीन पुत्र शौकत अली निवासी नगला हट्टा थाना नगला सिंघी जिला फिरोजाबाद को पुलिस मुठभेड़ के दौरान बनकट मोड से गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किए गए हैं । इस सम्बन्ध में थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 107/2023 धारा 307 भादवि व 108/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण -

दिनांक 18.02.2023 को उपनिरीक्षक योगेश नागर मय हमराहीगणो के साथ गश्त में मामूर थे कि बनकट मोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खडा हुआ दिखाई दिया जिसको टोकने पर अभियुक्त अजरूद्दीन उपरोक्त के द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया जिसको पुलिस द्वारा मुश्तैदी दिखाते हुए मौके से मय अवैध तंमचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1.अजरूद्दीन पुत्र शौकत अली निवासी नगला हट्टा थाना नगला सिंघी

आपराधिक इतिहास अजरूद्दीन उपरोक्त

1.मुकदमा अपराध संख्या 489/2016 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद ।

2.मुकदमा अपराध संख्या 478/2017 धारा 392/411 भादवि थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद ।

3.मुकदमा अपराध संख्या 334/2021 धारा 414/414 भादवि थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद ।

4.मुकदमा अपराध संख्या 473/2017 धारा414/411 भादवि थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद ।

5.मुकदमा अपराध संख्या 213/2017 धारा 392/411 /506 भादवि थाना मटसैना जिला फिरोजाबाद ।

6.मुकदमा अपराध संख्या 119/2018 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद ।

7.मुकदमा अपराध संख्या 107/2023 धारा 307 भादवि थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद

8.मुकदमा अपराध संख्या 108/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जिला फिरोजाबाद । बरामदगी का विवरण:-

एक अदद तंमचा 315 बोर नाजायज एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद
2. ओपन निरीक्षक योगेश नागर चौकी प्रभारी कस्बा थाना टूण्डला फिरोजाबाद। 3. हेड कॉन्स्टेबल दिलीप कुमार थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद 4. कांस्टेबल भूपेन्द्र सिह, 5.कांस्टेबल लक्ष्मण सिह, 6.कांस्टेबल कपिल कुमार,7. कांस्टेबल बबलू थाना टूण्डला

# हाजी अहसान पेंटर की हज दावत में उमड़ा जनसैलाब पूर्व काबीना मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने की मेजवानी





कई जनपदों के हाजियों ने की शिरकत,लगे चार चांद, समारोह में वरस रहा था नूर आलिशान पंडाल ,सभी धर्म मजहब वर्ग के लोग हुए एकत्रित,मुबारकबाद का शिलशिला देर रात तक चलता रहाफाइव स्टार होटल से भी ऊंची थी खाने पीने की व्यवस्था,हाजी अहसान राईनी ने किया सभी का शुक्रिया अदा कुदरत के वैभव के हो रहे थे चारों ओर दर्शन ,हर वर्ग का व्यक्ति बढ़ा रहा था कार्यक्रम की शोभा खादिम अब्बास इटावा/जसवंतनगर नेक नियत ,खुलूस मोहब्बत और शुद्ध आत्मा से जो भी काम किया जाता है कुदरत उसमें खुद चार चांद लगा देती है। खादिम ने अपने पत्रकारिता के जीवन में एक नहीं हजारों सामाजिक ,राजनैतिक कार्यक्रम के अलावा विवाह व शादियों के कार्यक्रमों में सहभागिता की है।प्रधानमंत्री से लेकर अन्य हस्तियों के कार्यक्रमों हिस्सा लेने का भागीदार बना है ।इसमें फाइव स्टार होटलों से लेकर बड़े बड़े आलिशान मैरिज होमों से लेकर बड़े बड़े मैदानों में आयोजित हुए कार्यक्रमों का साथी रहा है । परंतु जो कार्यक्रम बी एस जी फार्म हाउस जसवंतनगर में पूर्व काबीना मंत्री (विधायक) शिवपाल सिंह यादव के प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद अहसान पेंटर राईनी के हज दावत समारोह में कुदरत का नूर बरसते हुए देखा वह अपने आप में लाजवाब व बेमिसाल था।यहां पर बिभिन्न जनपदों से आए हुए हाजियों का हुजूम तो उमड़ा ही लेकिन सभी धर्म मजहब ,वर्ग के लोगों का जनसैलाब उमड़ा वह लम्बे समय तक याद किया जाता रहेगा । इस आलिशान कार्यक्रम की खूबी यह रही कि इसमें शामिल हुए लोगों की मेजबानी हाजी अहसान के साथ खुद शिवपाल सिंह यादव ने की।शायद शिवपाल सिंह यादव के लिए यह पहला मौका होगा कि उन्हें एक ही मंडप के नीचे प्रदेश भर के हाजियों से रूबरू होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।इस कार्यक्रम में भारत की साझा गंगा_जमुनी संस्कृति के साक्षात रूप से दर्शन हो रहे थे। कुदरत दिल दे तो हाजी अहसान पेंटर जैसा दे,जिन्होंने हर आगुंतक के लिए लजीज भोजन की व्यवस्था फाइव स्टार होटल से बढ़कर की ,जिसमे वेज व नॉनवेज भोजन की व्यवस्था शामिल रही।हजारों लोगों को मेज कुर्सी पर बैठकर खाना खिलाना हर किसी के बस की बात नहीं थी । लेकिन कुदरत की असीम कृपा थी कि हाजी अहसान साहब के हज दावत की खुशी का यह खाना बड़े करीने तथा व्यवस्थित रूप से चल रहा था ,जबकि वेज भोजन का इस्तेमाल करने वाले लोग बफर सिस्टम से आनंदित थे। पंडाल की सुंदरता देखने लायक थी ,ऐसा महसूस हो रहा था कि स्वर्ग धरती पर उतर आया हो ?खादिम तो वहां की सजावट और व्यवस्था को निहारता ही रह गया।वेज व नॉनवेज व्यंजनों में ऐसी कौन सी हलाल चीज थी जो इस हज दावत में न परोसी गई हो।मेहमान और मेहमाननवाजी के साथ मेजबानी का यह अनूठा संगम आगंतुकों को हमेशा याद रहेगा।जहां एक ओर आगुंतक इस हज दावत समारोह में उपस्थित होकर हाजी अहसान साहब को मुबारकबाद देकर प्रसन्न मुद्रा में थे, वहीं दूर दराज से आए आगुंतक हाजियों व अन्य समाज सेवियों का हाजी अहसान साहब खुद उनका माल्यार्पण करके तथा शॉल उढ़ाकर स्वागत कर रहे थे_मेहमान और मेजबानी का यह अनूठा संगम काबिले तारीफ़ था । जब कुदरत की मेहरबानी होती है, तब हर चीज अपना जलबा और वैभव दिखाने लगती है।हिंदू हों या मुसलमान व अन्य वर्ग के लोग जो भी वहां पहुंचे उनके मुख से एक ही शब्द निकला वाह,हाजी जी। अहसान साहब की दरियादिली , खूलूस और मोहब्बत की सभी ने तारीफ की उनके यहां के भोजन में मोहब्बत की मिठास शामिल थी ।खादिम के पत्रकारिता के गुरु स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ,पत्रकारिता के भीष्म पितामह पंडित देवीदयाल दुबे अपने शिष्यों से कहते थे कि समाज में कोई अच्छा काम करे,उसकी प्रशंसा होनी चाहिए तथा समाचार के माध्यम से उसकी सुगंध जन जन तक पहुंचाई जाए जिससे समाज प्रेरणा ले। खादिम अब्बास ,मोहम्मद आमीन भाई पत्रकार के साथ हज दावत समारोह में शामिल हुआ, साथ में इमरान अहमद एडवोकेट ,और मोहम्मद फईम अब्बास एडवोकेट ने भी इस हज दावत समारोह में शिरकत की।

## इटावा जिला अस्पताल में स्वास्थ व्यवस्था चरमराई

इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक



12 बजते ही एक्सरा मशीन हुई खराब एक्सरा कराने आए मरीजों के अनुसार हर रोज 12 बजे मशीन हो जाती है खराब दूर -दूर से आए मरीजों को जिला अस्पताल में एक्सरा कराने के लिए लगाने पड़ रहे चक्कर डॉक्टरों के अनुसार मशीन गर्म होने के कारण हर रोज हो जाती है बंद जिला अस्पताल से मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ता है घर अब सवाल है यह आखिर इटावा जिला अस्पताल में ही क्यों होती है एक्सरा मशीन खराब, प्राइवेट अस्पतालों में क्यों नहीं आती ऐसी समस्याएं ? क्या सीएमओ साहब को नहीं है इन समस्याओं की ख़बर ? सवाल आखिर 12: बजे ही क्यों होती है, एक्सरा मशीन खराब फिर दूसरे दिन कैसे हो जाती है सही ?

## डीजे बंद करने पर बारातियों ने घरातियों पर चलाए ईंट पत्थर

### बालिका महिला और पुरुष सहित तीन हुए घायल, दुल्हन हुई बेहोश





भरथना कोतवाली कस्बा के ऊसराहार रोड़ सरकारी अस्पताल के सामने बने एक नवीन समारोह स्थल में चल रहे वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान कुछ उत्पाती बारातियों ने घरातियों पर रात्रि साढ़े 12 बजे उस समय जोरदार ईंट पत्थर चलाकर एक बालिका, एक महिला और एक पुरुष सहित तीन घरातियों को घायल कर दिया, जब समारोह स्थल पर निर्धारित समय गुजर जाने के बाद नियम विरुद्ध बजे रहे डीजे साउंड को दुल्हन के ताऊ रिटायर्ड आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बन्द करा दिया। जिससे खफा हुए कुछ शराबी युवा बारातियों ने उत्पात मचाते हुए पहले डीजे साउंड की मशीनें पटकना व सामान तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। जिससे समारोह स्थल पर घराती महिला पुरुष बच्चों में अफरा तफरी के साथ भगदड़ मच गई। किसी तरह कुछ लोगों ने उत्पाती शराबियों को समारोह स्थल से जब बाहर कर दिया। इस पर उत्पाती शराबी बाराती युवक और ज्यादा क्रोधित हो गए और युवकों ने घरातियों सहित समारोह स्थल पर जमकर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें घराती महिलाओं बच्चों और पुरूषों को जान बचाने पर मजबूर कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची इससे पूर्व उत्पाती शराबी बाराती युवक मौके से भाग जाने में सफल होगये।

जानकारी के अनुसार उक्त समारोह स्थल पर बीती बुधवार की रात्रि एक वैवाहिक समारोह चल रहा था।। जैसे ही बारात रात्रि करीब साढे बारह बजे द्वारचार के लिए पहुंची, इस बीच नियम विरूद्ध बज रहे डीजे साउण्ड को दुल्हन के ताऊ ने बन्द करा दिया। जिससे खफा होकर बारात में शामिल कुछ शराबी युवकों ने उत्पात मचाते हुए डीजे साउण्ड सिस्टम की मशीनें फेंकना व सामान की तोडफोड शुरू कर दी। जिस पर कुछ घरातियों ने उत्पातियों को किसी तरह समारोह स्थल से बाहर निकालकर समारोह स्थल का अन्दर से गेट बन्द कर लिया। जिससे बौखलाये उत्पातियों ने समारोह स्थल के बाहर पडे ईंट पत्थर उठाकर घरातियों व समारोह स्थल पर फेंकना शुरू कर दिया। जिससे समारोह स्थल में मौजूद दुल्हन पक्ष के घरातियों में भगदड के साथ जान बचाने के लाले पड गये। और बारातियों का अकारण उपद्रव देख नई नवेली दुल्हन घबरा कर बेहोश होगई। और घराती एक बालिका,एक महिला,एक पुरूप सहित तीन लोग पत्थरबाजी का शिकार हो गये। घटना की सूचना पर रात्रि में ही मौके पर पहुंचती पुलिस इससे पूर्व उत्पाती मौके से भाग जाने में सफल हो गये। जिसके बाद करीब दो घण्टे बाद रात्रि ढाई बजे पुनः वैवाहिक कार्यक्रम कुशलतापूर्वक सम्पन्न होना शुरू हो सका।

## सूचना

### हाई स्कूल के मूल अभिलेख खो जाने के संबंध में

मै आशीष कुमार पुत्र श्री सचीद्र कुमार निवासी 909 रणवीर नगर इटावा हाई स्कूल अंकपत्र, सनद, टीसी, आधार कार्ड आदि मूल अभिलेख बैग में रखे थे रास्ते में गिर गए अगर किसी को मिले तो उक्त पते पर पहुँचाने का कष्ट करें

देश वासियों एवं क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

एडवोकेट अंशुल यादव



निवासी पक्का बाग इटावा उत्तर प्रदेश



सेंट मैरी स्कूल के बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए

होली ऑफर



सीट सीमित जल्दी ही बुक करें

बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए संपर्क करें 9544892622

शुल्क में दो माह की छूट के साथ



एडवोकेट अभिषेक वर्मा की ओर से आप सभी देशवासियों को

होली की हार्दिक शुभकामनाएं





होली की हार्दिक शुभकामनाएं

एडवोकेट विक्रम यादव




## भरथना नगर पालिका द्वारा खींची गई लक्ष्मण रेखा को नाग रहे अतिक्रमणकारी



इटावा एक्सप्रेस भरथना। संवाददाता अतुल कुमार

भरथना नगर पालिका द्वारा खींची गई लक्ष्मण रेखा को नाग रहे अतिक्रमणकारी फुटपाथ पर ठेला वालों का कब्जा जारी भरथना नगर पालिका ने अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अथक प्रयास किए, लेकिन अभी भी अतिक्रमणकारियों का कब्जा है जारी नगरपालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान हुआ असफल नगर पालिका ने फुटपाथ पर बनाई रेड लाइन रेखा लेकिन अतिक्रमणकारियों के लिए यह लाइन है सिर्फ है दिखावा भरथना में अतिक्रमण हटाओ को लेकर कई बार गरज चुका है बाहुबली का पंजा भरथना में आज भी है अतिक्रमण जारी अतिक्रमण से हर रोज यातायात होता है बाधित, लगता है भीषण जाम भरथना को नहीं मिल रही जाम से निजात


किसान भाइयों के लिए रिचर एग्रो इण्डिया लाया है उत्तम बीज

उत्तम बीज खरीदने के लिए संपर्क करें राजीव ट्रेडर्स मानिकपुर मोड़ इटावा






आप सभी देशवासीयों एवम क्षेत्रवासियों को

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



राजीव_यादव
प्रबंधक
प्रेमादेवी पब्लिक
जू० हा० स्कूल
NH19
प्रीतविहार निकट
मानिकपुर मोड
जिला इटावा

## बढ़पुरा उदी मोड़ पर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते

### स्वच्छ भारत मिशन अभियान दम तोड़ता नजर आ रहा





ग्राम प्रधान कामेत के खिलाफ कॉलोनी वासियों का फूटा आक्रो कीचड़ से भरी गलियां, ग्राम प्रधान द्वारा नहीं की जा रही साफ सफाई

उदी इटावा जहां एक तरफ केंद्र सरकार व राज्य सरकार लगातार स्वच्छ भारत मिशन अभियान को लेकर सजग दिख रही है वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार केंद्र व राज्य सरकार की उम्मीदों को दरकिनार कर पानी फेरने का कार्य कर रहे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता व अनदेखी से स्वच्छ भारत मिशन अभियान दम तोड़ता नजर आ रहा है।एक ऐसा ही मामला इटावा जनपद के विकासखंड बढ़पुरा क्षेत्र के बाह रोड कस्बा उदी मोड़ गली नंबर 3 से सामने आया है जहां जिम्मेदार स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं,और तो और जिम्मेदारों के साथ-साथ उच्चाधिकारियों का भी इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है।मामला विकास विकासखंड बढ़पुरा क्षेत्र के बहा रोड कस्बा उदी मोड़ एटीएम गली नंबर 3 का है,जहा गली आएं दिन गली नाला तालाब में तब्दील हो रही है और गंदी नाली के पानी का भराव है।कस्बा उदी मोड़ एटीएम बाह रोड स्थित गली नंबर 3 मार्ग गंदी नाली के जलभराव से बदहाल हो चुकी है और गली से सड़क मुख्य मार्ग से आवागमन स्कूल बच्चों के साथ-साथ वहां रह रहे लोगों का कठिन हो गया है। गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में भी जल भराव के कारण गाली सूख नहीं पाती है।गली में गंदा पानी जमा हो जाता है, इस वजह से गली खस्ताहाल हो गई है, लोगों को आवाजाही में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।एक तरफ हम कोरोना से जंग लड़ने की बात करके लोगों को साफ सफाई के लिए जागरुक कर रहे हैं और वहीं दूसरी तरफ गंदगी का यह आलम है कि कस्बा के लोगो व स्कूल के बच्चों को को गंदे नाले पानी से निकलना पड़ रहा है,बारिश के बावजुद सालभर कस्बा के गली मार्ग पर जलभराव होने की वजह से कस्बा वासियों व राहगीरों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वही देखा जाए ग्राम प्रधान की उदासीनता व अनदेखी कस्बा व ग्रामीण वासियों की समस्या का प्रमुख कारण है। लोगो का आरोप है की कस्बा उदी मोड़ बहा रोड स्थित ग्राम प्रधान द्वारा आधी अधूरी नालियां बनाकर छोड़ दी गई हैं,इस कारण गंदा पानी बीच गली में सड़क पर आ जाता है। वर्तमान में स्थानीय लोग व स्कूली बच्चे गंदे पानी से बचते-बचाते हुए निकलते हैं। वहीं कस्बा में रह रहे लोगों ने उच्चाधिकारियों से शीघ्र ही नाली का निर्माण कराने की मांग की है।कस्बा उदी मोड़ गली नंबर 3 में गंदगी के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।नाली का गंदा पानी गली में भरा जानें के कारण गली पर गंदगी फैली हुई है,जिससे कस्बा वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा में रह रहे लोगो का आरोप है कि वह कई महीनों से इस समस्या को झेल रहे हैं।कस्बा के लोगो ने नाली की समस्या से परेशान हैं,मेन रोड की नाली की साफ सफाई ना होने से नाली का गंदा पानी गली में हमेशा भरा रहता है।निवासी जयदेवी ने नाराजगी जताते हुए कहा की गली में बनी दोनों नाली गंदे पानी से भर जाती हैं रास्ते में गंदा पानी भरने से लोग निकल नहीं पा रहे हैं,हमारे घर परिवार के लोग आते हैं गंदगी देखकर वापस लौट जाते हैं इस समस्या के बारे में ग्राम प्रधान से भी कहा लेकिन अभी तक कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया।तो वही पूजा सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा ग्राम प्रधान को वोट लेना हो तो हाथ जोड़कर वोट मांगने आते हैं और जब कोई समस्या हो तो ग्राम प्रधान के दर्शन तक नहीं होते हैं गलियां नाली गंदे पानी से भरी हुई है मच्छर बीमारी से लोग परेशान हैं और ग्राम प्रधान एक भी बार हमारी समस्या को देखने तक नहीं आई। निवासी विकास ने बताया कि हर गाँव गली में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है,लेकिन इस कस्बे में कहने के बाद भी सफाई नहीं होती,नालियां जो बनीं भी हैं वह अधूरी पड़ी हैं। गली में पानी भरा है वह अलग।पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं,जिससे लोगों में डेंगू होने का खतरा बना हुआ है।अभी कोरोना महामारी से पूरी तरह से निजात नहीं मिली की दूसरी समस्या तैयार है,इससे वह जूझना नहीं चाहते इसलिए कस्बा उदी मोड़ वहा रोड स्थित गली नंबर 3 के लोगों की मांग है कि नाली के गंदे पानी के निकासी की जल सुचारू व्यवस्था की जाए,ताकि गली पर जमा पानी बह सके। कस्बा उदी मोड़ में नाली जलभराव की समस्या होने से चलना दूभर हो गया है। इससे गली मार्ग पर गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।ग्रामीणों को संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है।गांव के मुख्य मार्ग में जलभराव की स्थिति बनी है,लेकिन कोई भी अधिकारी व जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नाराजगी व्यक्त करने में सौरभ भदौरिया, जय देवी,आदित्य भदौरिया, रामकरण सिंह,गौरव भदौरिया, रामू, टिंकू यादव विकास आदि लोग उपस्थित रहे।

आप सभी देशवासीयों एवम क्षेत्रवासियों को

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



रितु प्रिया
ग्राम प्रधान
अकबरपुर
दौलतपुर
विकास खंड
भरथना-इटावा

इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया।

*इटावा: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण कर संबंधित को निर्देशित किया गया निरीक्षण के दौरान एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा द्वारा प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, थाना कार्यालय, सी सी टी एन एस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर संबंधित थाना प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण/ सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देशित किया गया।



इटावा कोतवाली का निरीक्षण करते हुए SSP संजय कुमार वर्मा

## विद्युत उपभोक्ताओं के लिये आवश्यक सूचना

इटावा:-शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली का तकनीकी उच्चीकरण किये जाने के कारण बिल भुगतान सम्बंधित समस्त सेवायें 25 फरवरी शाम 6: बजे से 4 मार्च दोपहर 12: बजे तक बन्द रहेंगी। अधीक्षण अभियंता संदीप अग्रवाल ने बताया कि इन दौरान बिल बनाने, बिल सुधार, बिल भुगतान, लोड बढ़ाने इत्यादी बिल संबंधी सभी कार्य बंद रहेंगे।

## अभिभावकों और प्रधानाचार्यों में बढ़ी बेचैनी,अब कक्षा एक में छह साल के बच्चे का होगा एडमिशन

इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कक्षा एक में प्रवेश की उम्र छह साल तय होने के बाद अभिभावकों और प्रधानाचार्यों में भी बेचैनी बढ़ गई है। एक तरफ उनका मानना है कि छह साल की उम्र में कक्षा एक में प्रवेश देना अच्छी बात है, लेकिन दूसरी तरफ परेशान इस बात से हैं कि अगर बच्चे की उम्र छह साल पूरा होने में दो-तीन महीने बाकी हैं, तो उन बच्चों को प्रवेश मिल पाएगा या नहीं, जबकि वह नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी में पढ़ रहे हैं। ज्यादातर बच्चों की उम्र छह साल पूरी नहीं हो रही है। ऐसे में इन बच्चों को घर बैठना पड़ेगा या कोई ब्रिज कोर्स चलाया जाएगा। इस उधेड़बुन में शिक्षक और स्कूल प्रबंधन है। कक्षा एक में छह साल की उम्र मे बच्चे को परिषदीय विद्यालय में प्रवेश दिए जाते हैं। पांच साल होने दो-चार महीने बाकी हैं, तो प्रवेश को लेकर क्या रणनीति होगी। इसके बारे में अभी शासनादेश नहीं आया है

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक–राजीव कुमार के लिए शिवम् ऑफसेट, अशोक नगर, भर्थना रोड, इटावा उ.प्र. से छपकर इटावा से प्रकाशित ।सम्पादक – राजीव कुमार 9219240048 नोट– अखबार में प्रकाशित समस्त रचनाओं के विचार व दायित्व लेखीय है संपादक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। अखबार से संबन्धित सभी विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र इटावा (उ.प्र.) Title Code: UPHIN50151, Email: etawahexpress24@gmail.com, Web: www.etawahexpress.com